7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण । उत्तर प्रदेश । उत्तराखंड । हिमाचल । जम्मू-कश्मीर । दिल्ली । हरियाणा । पंजाब । चंडीगढ़

अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 9 फरवरी 2017

amarujala.com

एकेटीयू की जोनल स्पोर्ट्स मीट हुई शुरू

एकेटीयू से संबद्ध बीस से ज्यादा कॉलेज इसमें ले रहे हैं हिस्सा

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली।

डॉ. एपीजे अब्दुल कमाल प्राविधिक विश्वविद्यालय की जोनल स्पोर्ट्स मीट का आगाज बुधवार को फ्यूचर कॉलेज में हुआ। उद्घाटन महापौर डॉ. आईएस तोमर, संस्थान के चेयरमैन मुकेश गुप्ता और महानिदेशक डॉ. मनीष शर्मा ने मशाल जलाकर और रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़कर किया। इसमें बरेली जोन के तहत आने वाले, मुरादाबाद, शाहजहांपुर, शिकोहाबाद, रामपुर आदि शहरों के एकेटीयू से संबद्ध करीब बीस कॉलेज के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

फ्यूचर कॉलेज के मैदान पर जमा हुए कई कॉलेजों के छात्र।

क्रिकेट मैच में फ्यूचर, एसआरएमएस, केसीएमटी और राजश्री ने जीत हासिल करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फुटबाल में एसआरएमएस और आरबीएमआई ने फाइनल में जगह पक्की की। वॉलीबाल में फ्यूचर और एसआरएमएस ने जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई।

शतरंज में आरबीएमआई के मानवेंद्र सिंह, एसआरएमएस के अमृतांशु, फ्यूचर के पियूष और एसआरएमएस के प्रशांत शुक्ला ने बढ़त बनाई। लंबी कूद में एसआरएमएस के रिहान अहमद (पुरुष वर्ग), अन्नपूर्णा सिंह (महिला वर्ग) में प्रथम रहीं। ऊंची कूद में फ्यूचर के अमन गौतम (पुरुष वर्ग) एवं एसआरएमएस की किंशुक आगे रहीं। महिला एकल वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता में एसआरएमएस की अंजलि सिसोदिया ने एफआईएमटी की फिजा रिजवी को हराया। महिला वर्ग की डबल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में एसआरएमएस की अंजलि-आराधना ने एफआईएमटी की पुष्पा-सुरभि को मात दी।